BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...
Saturday
25-06-2022
www.bordernewsmirror.com
www.bordernewsmirror.com
Only bilingual Newspaper
₹5

## करिश्मा ने 'प्रेम कैदी' से रखा था अभिनय जगत मे कदम

करिश्मा कपूर ने साल 1991 में आई फिल्म 'प्रेम कैदी' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। 8

## मलाइका अरोड़ा के साथ स्पॉट हुए अर्जुन

अक्सर चर्चा में रहने वाले बॉलीवुड के फेमस लव बर्ड्स अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। 8



## 'शमशेरा' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

वाणी कपूर , संजय दत्त और रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा का धमाकेदार ट्रेलर शुक्रवार को मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। 8

## जी परमेश्वरन अय्यर बने नीति आयोग का सीईओ

केन्द्र सरकार ने जी परमेश्वरन अय्यर को नीति आयोग का सीईओ नियुक्त किया है। 7



# BRIEFLY

## उद्धव ठाकरे सरकार को सहयोगी दलों का समर्थन बरकरार: जयंत पाटिल

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तथा जल संसाधन मंत्री जयंत पाटिल ने कहा कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे सरकार से किसी ने भी आधिकारिक तौर पर अपना समर्थन वापस नहीं लिया है, इसलिए सरकार मौजूद है, सरकार काम कर रही है। उन्होंने इस सम्बंध में मीडिया पर गुमराह करने वाली खबरें प्रसारित करने का भी आरोप लगाया है। जयंत पाटिल ने नारायण राणे को याद दिलाया है कि संकट के समय शरद पवार ने ही उन्हें कई बार मदद की है। इसलिए नारायण राणे का उन्हें घर तक न जाने देने की धमकी देने वाला वक्तव्य गलत है। जयंत पाटिल ने कहा शरद पवार की मदद को देखते हुए नारायण राणे खुद अपना बयान वापस ले लेंगे। जयंत पाटिल ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि महाविकास आघाड़ी सरकार को जिन दलों ने अपना समर्थन दिया है, उन्हें आधिकारिक तौर पर वापस लेने की कोई जरुरत नहीं है। मीडिया की अफवाह तथा गुमराह करने वाली रिपोर्टों से किसी को प्रभावित होने की जरुरत नहीं है। जयंत पाटिल ने कहा कि गुवाहाटी गए विधायकों के वक्तव्य का कोई महत्व नहीं है । मीडिया में प्रसारित खबरों में यह सभी राकांपा के साथ शिवसेना के अवांछित गठबंधन की बात कर रहे हैं। यह ठोस कारण नहीं माना जा सकता, क्योंकि यह गठबंधन ढाई साल पहले हुआ था और तब से अब तक इन लोगों ने सत्ता भोगा है।

# Trending News

## राष्ट्रपति चुनावः राजग उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने किया नामांकन

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्रियों समेत भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में मुर्मु ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। आदिवासी समाज से आने वाली मुर्मू झारखंड की राज्यपाल रह चुकी हैं। नामांकन से पहले द्रौपदी मुर्मू ने संसद भवन परिसर स्थित महात्मा गांधी, बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर और बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात वह नामांकन के लिए पहुंची। राज्यसभा महासचिव और पीठासीन अधिकारी पीसी मोदी के समक्ष उन्होंने अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने चार सेट में नामांकन पत्र भरा। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेन्द्र यादव, गिरिराज सिंह, गजेन्द्र सिंह शेखावत, अर्जुन मुंडा, अश्वनी चौबे तथा संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, अर्जुन राम मेघवाल समेत कई अन्य केंद्रीय मंत्री शामिल रहे। बिहार की उपमुख्यमंत्री रेणू देवी समेत जनता दल यूनाईटेड के अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ लल्लन सिंह भी उपस्थित रहे।



# वर्षा बंगला छोड़ा है, सीएम पद नहीं, अंत तक लड़ेंगे: उद्धव ठाकरे

बीएनएम@मुंबई

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री तथा शिवसेना अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने वर्षा बंगला छोड़ा है, ताकि उन्हें लालची न कहा जा सके। उन्होंने कहा कि अभी तक मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है, अंत तक लड़ूंगा। जो लोग कहते थे कि हम मर जाएंगे लेकिन शिवसेना को कभी नहीं छोड़ेंगे, आज भाग गए। शिवसेना को तोड़ना चाहते हैं बागी। अगर उनमें हिम्मत है तो उन्हें बालासाहेब और शिवसेना का नाम लिये बिना लोगों के बीच जाना चाहिए। उद्धव ठाकरे शुक्रवार को मुंबई में स्थित सेना भवन में जिला अध्यक्षों की बैठक को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं सत्ता का लालची नहीं हूं। मेरी गर्दन और सिर में दर्द था, मैं ठीक से काम नहीं कर पा रहा था। मैं अपनी आंखें तक नहीं खोल पा रहा था लेकिन मुझे इसकी परवाह नहीं थी। बैठक में उद्धव ठाकरे ने कहा कि शिवाजी महाराज हार गए लेकिन लोग हमेशा उनके साथ थे। जो एकनाथ शिंदे आज बगावत कर रहे हैं, उनके बेटे शिवसेना के सांसद हैं। मैंने उनके लिए सब कुछ किया। उद्धव ठाकरे ने कहा कि यह याद रखना जरूरी है कि किसने किस समय आपके साथ क्या व्यवहार किया। मैंने उस दिन अपने मन में जो था, सब कुछ कह दिया था। मैं आज जो कुछ बचा है उसे भी आप सभी के सामने रख रहा हूं। वर्षा बंगला छोड़ने का मतलब है प्रलोभन छोड़ना, जिद नहीं छोड़ना। उद्धव ठाकरे ने कहा, सपने में भी मैंने नहीं सोचा था कि मैं इस पद के लिए जाऊंगा, मुझे कभी उस पद का मोह नहीं था।

# विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने समर्थन के लिए पीएम मोदी को किया फोन



बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। राष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फोन कर समर्थन की मांग की। सिन्हा ने यहां "हिन्दुस्थान समाचार" से खास बातचीत में कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में समर्थन के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को फोन किया। उन्होंने बताया कि दोनों से हालांकि उनकी बात नहीं हो पाई। सिन्हा ने उमीद जताई कि उनका सन्देश प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री तक पहुंचने पर फोन जरूर आएगा। सिन्हा ने सोरेन को याद दिलाते हुए कहा कि विप[illegible] राष्ट्रप[illegible] चुनाव में साझा उम्मीदवार तय करने के लिए हुई बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री उपस्थित थे। ऐसे में वह अपने वादे पर ही अडिग रहेंगे। यशवंत सिन्हा ने आगे कहा कि तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) प्रमुख के. चंद्रशेखर राव भी पूरी मजबूती से उनके पक्ष में खड़े हैं। यशवंत सिन्हा सोमवार, 27 जून को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। वह दोपहर 12:15 बजे अपना नामांकन करेंगे। इस दौरान शक्ति प्रदर्शन के लिए विपक्ष के तमाम वरिष्ठ नेता सिन्हा के नामांकन में शामिल होंगे। सिन्हा 27 जून से अपना प्रचार अभियान शुरु करेंगे।

# लश्कर-ए-तैयबा के नार्को-टेरर फंडिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़, चार आतंकवादियों के सहयोगी गिरफ्तार

बीएनएम@बडगाम

बडगाम । सुरक्षाबलों ने बडगाम से चार आतंकवादी सहयोगियों को गिरफ्तार करके लश्कर-ए-तैयबा के नार्को-टेरर फंडिंग मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। सुरक्षाबलों ने उनके कब्जे से आपत्तिजनक सामग्री, विस्फोटक, गोला-बारूद और वाहन बरामद किए हैं। एक पुलिस प्रवक्ता के अनुसार बडगाम में पुलिस ने सेना की 53 आरआर और सीआरपीएफ की 181वीं बटालियन के साथ मिलकर आतंकवाादियों के सहयोगियों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान मंज़ूर अहमद वाजा के बेटे यूनिस मंज़ूर और मोहम्मद रमज़ान शेख के महबूब अहमद दोनों निवासी वथुरा चडूरा, इरशाद अहमद गनी पुत्र मोहम्मद अमीन गनी निवासी अरिगम खानसाहिब और मुजफ्फर अहमद पुत्र गुलाम नबी भट निवासी परनेवा खानसाहब के रुप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि इस दौरान पांच वाहन और एक बाइक भी जब्त की गई है, जो नशीले पदार्थों की बिक्री की आय से कमाए गए पैसे को सुरक्षित रखने के इरादे से खरीदी गई थी और सक्रिय आतंकवादियों या आतंकवादी गुर्गों (हैंडलर) के निर्देश पर बेची जाने वाली थीं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर की आपत्तिजनक सामग्री, 03 ग्रेनेड, 02 एके-पत्रिकाएं और एके-47 के 65 राउंड सहित विस्फोटक पदार्थ बरामद किए गए हैं।



# मुख्यमंत्री ने जेपी गंगा पथ का किया लोकार्पण, अटल पथ फेज-2 और मीठापुर आरओबी भी शुरू



बीएनएम@पटना

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को गंगा किनारे बन रहे जेपी गंगा पथ, अटल पथ फेज-दो और मीठापुर आरओबी के मीठापुर छोर का लोकार्पण किया। इसके साथ पटना में अटल पथ फेज-2 और मीठापुर आरओबी पर भी आज से गाड़ियां दौड़ने लगेंगी। इन सड़कों पर आवागमन शुरु होने से पटना के लोगों में खास कर वे जिनका उत्तर बिहार से पटना आना जाना लगभग रोजाना होता है। पटना में गंगा किनारे बन रहे जेपी गंगा पथ के प्रथम फेज का काम पूरा किया गया है। दीघा से पीएमसीएच तक बने इस सड़क की लंबाई 7.4 किमी है। जेपी गंगा पथ (गंगा एक्सप्रेस वे) पटना की आठ सड़कों से जुड़ेगा। इसके निर्माण से अशोक राजपथ से वाहनों का दबाव हो गया है। मुख्यमंत्री ने पहले चरण में 7.5 किमी एक्सप्रेस-वे का शुभारंभ किया है। इससे दीघा से पीएमसीएच पहुंचने में सिर्फ पांच मिनट लगेगा। इसके अलावा गांधी मैदान से पीएमसीएच पहुंचना भी आसान हो जाएगा। एक्सप्रेस-वे की शुरुआत होने से गांधी मैदान से सीधे पीएमसीएच पहुंचा आसान हो गया है। यह सड़क अशोक राजपथ के अलावा दीघा से राजापुर पुल इलाके के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। अटल पथ जाने वाले लोगों को पहले पुराने अशोक राजपथ से आना पड़ता था लेकिन अब एक्सप्रेस वे के जरिये आसनी से जा सकते हैं. मीठापुर एलिवेटेड रोड का भी सीएम नीतीश ने आज उद्घाटन किया। एलिवेटेड सड़क बन जाने के बाद पुनपुन जाने वाले लोगों को आसानी हो गई है। पांच साल बाद इस पर वाहनों का परिचालन शुरु हो गया है। एलिवेटेड सड़क बन जाने से मीठापुर सब्जी मंडी में जाम की समस्या कम हो जायेगी। गर्दनीबाग, मीठापुर मंडी और सिपारा में जाम की समस्या भी खत्म हो गई है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि जेपी गंगा पथ करीब 3,381 करोड़ की योजना है, इसका पहला फेज पूरा हो गया है। जेपी गंगा पथ से जेपी सेतु पथ का कनेक्शन हो रहा है और अटल सेतु से जेपी गंगा पथ का कनेक्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि जेपी पथ न सिर्फ पटना के लोगों के लिए बल्कि उत्तर बिहार से पटना आने वाले लोगों के लिए भी काफी महत्वपूर्ण सड़क होगी। गंगा पथ पर 8 जगहों पर संपर्क पथ का निर्माण किया गया है।

## NEWS IN BRIEF

### नवादा में सात साइबर अपराधी गिरफ्तार

नवादा। नवादा जिले की वारिसलीगंज पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के सिमरीडीह चोरा बगीचा से सात साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार साइबर अपराधी में थाना क्षेत्र के चकवाय गांव निवासी देवेन्द्र कुमार, मोहिउद्दीनपुर पंचायत स्थित भेड़िया गांव निवासी छोटु कुमार व विक्रम कुमार,कोंचगांव पंचायत स्थित कांधा गांव निवासी विरल कुमार व राजीव कुमार,मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी विपिन चौधरी एवं सिमरीविगहा निवासी रविकांत कुमार शामिल है। गिरफ्तार साइबर अपराधियों ने पुलिस की पूछताछ में कई राज खोला है।जिसे पुलिस ने गुप्त रखा है।इन साइबर अपराधी के पास से सात कीमती मोबाइल व जरुरी कागजात जब्त किया गया है। जबकि जब्त मोबाइल में ठगी के ठोस सबूत मिले हैं। बताया गया कि पुलिस के आने की भनक लगते ही कई और साइबर अपराधी भाग निकले। स्थानीय पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में एक साथ सात साइबर अपराधी की गिरफ्तारी से दूसरे साइबर अपराधी में भय का माहौल व्याप्त है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार पटेल ने बताया कि साइबर अपराधों सहित अन्य कार्य जो अवैध रुप से संचालित होंगे, उसपर रोक लगाना प्राथमिकता में है।

### शौचालय की टंकी में गिरकर मजदूर की मौत

बेगूसराय। बेगूसराय में शौचालय की टंकी में पाइप फिटिंग करने के दौरान टंकी में गिरने से शुक्रवार को एक श्रमिक की मौत हो गई। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव की है, मृतक की पहचान शिवचंद्रपुर निवासी कपिल देव प्रसाद यादव के पुत्र चंद्र भूषण कुमार के रुप में की गई है।

# अवैध बालू खनन में सात वाहन जब्त, पौने छह लाख की वसूली

बीएनएम@गया

गया। अवैध खनन को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। सभी एसडीओ, डीएसपी, सभी सीओ तथा खनन विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश प्राप्त है। इसी कड़ी में विभिन्न स्थानों में अवैध खनन के विरुद्ध औचक छापेमारी की गई, जिसमे बड़ी संख्या में बालू एवं गिट्टी( पत्थर) लदे ट्रक एवं ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। जब्त किये गए वाहन में बालू लदे 02 ट्रक,मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत बालू लदे 01 ट्रैक्टर,विष्णुपद थाना क्षेत्र अंतर्गत गिट्टी लदे 01 ट्रक,परैया थाना क्षेत्र के बगाहीटोला तथा मोरहर के समीप बालू लदा 03 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। सभी वाहनों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है साथ ही परिवहन विभाग तथा खनन विभाग द्वारा जब्त वाहनों के विरुद्ध फाइन वसूलने का कार्य किया जा रहा है। खनन विभाग द्वारा कुल 05 लाख 74 हजार रुपया की फाइन वसूल किया गया है।

# उद्योग विभाग ने चमड़ा उद्योग की स्थापना के लिए किया भूमि का निरीक्षण

बीएनएम@किशनगंज

किशनगंज। उद्योग विभाग के निदेशक पंकज दीक्षित ने शुक्रवार को जिले में चमड़ा उद्योग की स्थापना की संभावना के लिए ठाकुरगंज प्रखण्ड के तातपौआ पंचायत के भेलागुरी गाँव में एनएच-327 ई0 के लगभग 1-2 किलोमीटर के अन्दर में, कोचाधामन प्रखण्ड में प्राथमिक विद्यालय कोल्हा के निकट एवं किशनगंज प्रखण्ड के हालामाला पंचायत के अन्धवाकोल में भूमि का निरीक्षण किया । जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने बताया कि भूमि के निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि किशनगंज प्रखण्ड के हालामाला पंचायत के अन्धवाकोल की जमीन नदी की जमीन है, जो उद्योग संस्थापन की दृष्टि से कम उपयुक्त पाया गया। ठाकुरगंज प्रखण्ड के भेलागुरी में उपलब्ध जमीन के आस-पास घनी आबादी है तथा मुख्य पहुँच पथ से काफी दूर है। कोचाधामन प्रखण्ड में प्राथमिक विद्यालय कोल्हा के निकट की जमीन में वर्तमान में विद्यालय संचालित है। पंकज दीक्षित के द्वारा अपर समाहर्त्ता किशनगंज एवं अनुमंडल पदाधिकारी किशनगंज को समन्वय कर कोचाधामन प्रखण्ड के प्राथमिक विद्यालय कोल्हा के निकट के बड़े भूभाग की जमीन को चिन्हित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

# पूर्व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि शराब के साथ गिरफ्तार

बीएनएम@किशनगंज

किशनगंज। रुईधासा वार्ड नं 24 के पूर्व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्यामल कुमार दास को शराब के साथ बीते रात रामपुर मद्द निषेध चेकपोस्ट में उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया। उत्पाद विभाग की टीम रामपुर चेक पोस्ट पर जांच अभियान चला रही थी इस दौरान बंगाल के रामपुर से अंग्रेजी शराब लेकर बाइक से किशनगंज की तरफ आ रहा था। जिसे जांच के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने पूर्व वार्ड पार्षद प्रतिनिधि श्यामल कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया। टीम ने जांच के दौरान चेकपोस्ट से दो और तस्कर को देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है साथ ही दो पियक्कड़ को भी गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि उत्पाद विभाग की टीम मद्द निषेध कानून को सख्ती से पालन कराने को लेकर हर रोज बिहार-बंगाल सीमा पर बंगाल से आ रहे पियक्कड़ व शराब धंधेबाज के खिलाफ जांच अभियान चला रही है और हर रोज पियक्कड़ और तस्कर की गिरफ्तारी हो रही है। इसके बावजूद ना तो पियक्कड़ शराब के सेवन करने से बाज आ रहे है और ना ही शराब तस्कर शराब की तस्करी करने से रुक रहे है।



# हनुमान यज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



बीएनएम@बेगूसराय

बेगूसराय। बेगूसराय के आकाशपुर में आयोजित पंचमुखी हनुमान यज्ञ का समापन गुरुवार को श्रद्धा भक्ति और उल्लास के साथ हो गया। आठ दिनों तक चलने वाले इस यज्ञ में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। आसपास सहित दूरदराज से आये श्रद्धालु भगवान के आराधना के धुन में रमे रहे। धार्मिक अनुष्ठान परिसर में जगह-जगह 108 विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। यज्ञस्थल पर 24 घंटे पंडितों के द्वारा मंत्रोच्चार के बीच कराए गए हवन से पूरा वातावरण भक्ति गीत रंग में रंगा रहा। कई जिले से आए कीर्तन मंडली के साथ कृष्ण का कार्यक्रम समेत अन्य भक्तिमय कार्यक्रम के चलते पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का भी आयोजन किया गया है, जिसमें दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं, यज्ञ में मौत का कुआं, झूला, मीना बाजार सहित विभिन्न दुकानें और आकर्षक चीजों का स्टॉल बच्चों और महिलाओं के आकर्षण का केंद्र रहा। पुलिस प्रशासन की तरफ से भी सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी।

**सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ सिप्पी ने बताया की यज्ञ सोच से बहुत ही भव्य रहा तथा ग्रामीणों के समर्पण भाव से लोगों को कहीं असुविधा नहीं हुई, यह बड़ी बात रही। यज्ञकर्ता जयमंगला बाबा उर्फ जगदीश गौतम के नेतृत्व में संजीत कुमार, रणधीर कुमार, अमन कुमार, बमबम सिंह, कन्हैया कुमार एवं लालन विजय समेत तमाम ग्रामीण लगे रहे।**

उल्लेखनीय है कि स्व. रामनिहोरा जगतारिणी सेवा आश्रम द्वारा आयोजित इस यज्ञ से पहले आकाशपुर में आयोजित नवनिर्मित सिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर की स्थापना भी की गई। जिसमें भगवान श्रीराम, जगजननी सीता, लक्ष्मण एवं राम भक्त हनुमान की भव्य प्रतिमा स्थापित कराई गई है।

# मोतिहारी नगर मे अलग अलग घटनाओं में दो व्यवसायी की हत्या




बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। नगर थाना क्षेत्र मे गुरुवार देर रात दो अलग अलग घटनाओं में अपराधियों ने दो व्यवसायियों की हत्या कर दी है।जिसके बाद पूरे शहर मे सनसनी फैल गई है। पहली हत्या एनएच 28 के कुंवारी माई मोड़ के पास हुई। जहां बाइक से जा रहे हार्डवेयर व्यवसायी नथुनी साह उर्फ राजू की गोली मारकर अपराधियों ने हत्या कर दी। दूसरी घटना ज्ञानबाबू चौक की है जहां फल व्यवसायी गोलू कुमार की बदमाशों ने चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों शव को बरामद कर सदर अस्पताल भेज दिया। दोनों मृतक के परिजन अस्पताल पहुंच गए हैं। हार्डवेयर व्यवसायी चिरैया थाना क्षेत्र के महुआवा गांव के निवासी थे।शहर से सटे रूपडीह गांव में डेरा बनाकर रहते थे।वही फल व्यवसायी नगर के मिस्कॉट मोहल्ले के रहने वाले थे। सदर डीएसपी अरुण कुमार गुप्ता ने आज बताया कि प्रथम द्दष्टया दोनों की हत्या आपसी रंजिश में हुई है ऐसा लगता है।हालांकि पुलिस टीम दोनों हत्याओं के सिलसिले में गहनता से छानबीन मे जुट गई है। मृतक हार्डवेयर व्यवसायी के भाई अरविंद शाह ने बताया रात करीब पौने ग्यारह बजे के आसपास मेरे भाई दुकान से अपने डेरा रूपडीह बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान एनएच 28 पर कुंवारी माई मोड़ के पास बदमाशों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। पुलिस परिजनों के बयान के आधार पर इनलोगो की खोज में छापेमारी शुरू कर दी है। ज्ञानबाबू चौक क्षेत्र में एटीएम के सामने मिस्कॉट मोहल्ले के फल व्यवसायी गोलू कुमार(18) को आधा दर्जन लोग खींचकर सुनसान स्थान पर ले गए, जहां चाकू गोदकर हत्या कर दी। इस बाबत गोलू की बहन साहिल ने बताया कि उसका भाई गोलू शहर में ठेला पर फल बेचता है। फल बेच कर घर आ गया था। फिर किसी के फोन आने के बाद वह ज्ञान बाबू चौक गया था।जहाँ कुछ लड़कों ने मिलकर उसके साथ पहले मारपीट की। मारपीट के बाद उसको एटीएम के पास ले गए और चाकू से हमला कर दिया। मारपीट होते हुए उसकी बहन ने देखा तो अपने घर पर अन्य लोगों को बुलाने चली गई। जब वह घर से और लोगों को बुलाकर लाए तब तक उसका भाई लहूलुहान होकर मृत पड़ा था। उसने बताया कि वह सभी बदमाशों को चेहरे से पहचानती है।फिलहाल दोनों मामलों को लेकर पुलिस कार्यवाही मे जुटी है।

## NEWS IN BRIEF

### मोतिहारी पुलिस को मिला डॉयल 112 योजना के तहत इमरजेंसी रिस्पांस की 6 नई गाड़ी

मोतिहारी। बिहार पुलिस की महत्वकांक्षी योजना डायल-112 के प्रथम चरण के तहत मोतिहारी जिला पुलिस को छह नई गाड़ियां प्राप्त हुई है। शुक्रवार पटना से जिला पुलिस मुख्यालय पहुंची इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल की 6 नई गाड़ियों को एसपी डॉ.कुमार आशीष ने प्राप्त करते हुए प्रसन्नता जाहिर की। इस मौके पर पुलिस कप्तान ने कहा कि मुख्यालय से प्राप्त इन इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल को शुरुआत में जिले के नगर,छतौनी सुगौली,चकिया रक्सौल एवं अरेराज थाना में भेजी जायेगी। जो नागरिकों की आपातकालीन सेवा के लिए समर्पित होगा। मोतिहारी पुलिस लाइन में खड़ी इन गाड़ियो का मुआयना करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इन इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल गाड़ियो के आने से नागरिक सेवा की गुणवत्ता मे उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। साथ ही पुलिस द्धारा नागरिकों को प्रदान की जाने वाली आपातकालीन सेवा का रिस्पांस टाइम भी कम होगा।इससे मोतिहारी पुलिस द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण के साथ अपराध नियंत्रण और निवारण में सहयोग मिलेगा।

### ठनका गिरने से तीन की गई जान

मोतिहारी। जिले में शुक्रवार को ठनका गिरने से मां-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इसमें एक 14 वर्षीय बच्चा भी है। पहाड़पुर में तेज बारिश के बीच ठनका गिरने से मां जलेखा खातून व पुत्र हसमुल्लाह मियां की मौत हो गई। घटना पहाड़पुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूर्वी सिसवा पंचायत के मलदहिया गांव की है। इधर, मधुबन थाना क्षेत्र के नवरंगिया माधोपुर पंचायत के गोपालपुर गांव में ठनका गिरने से एक 14 वर्षीय बच्चा गंभीर रुप से झूलसने से मौत हो गई।

## होमगार्ड जवानो का किया गया स्वास्थ परीक्षण

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। जिले के होमगार्ड जवानों के लिए शुक्रवार को बरियारपुर स्थित होमगार्ड ट्रेनिंग कैंप मे मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।उक्त कैंप मे सैकड़ों गृहरक्षकों ने भाग लेकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया,साथ ही कंसलटेंट डॉक्टरो से स्वास्थ सबंधी आवश्यक परामर्श प्राप्त किया। मौके पर जिला समादेष्टा, डॉ अशोक कुमार प्रसाद ने बताया कि सरकार अपने सरकारी पदाधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए उनके स्वास्थ्य चिंता के लिए सजग एवं सतर्क है। ससमय इन्हे सुविधा एवं जानकारी प्राप्त हो तो स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियों के प्रति सजग रह सकेगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कैंप का आयोजन लगातार किया जायेगा। वही होमगार्ड के जवानों ने मेडिकल टीम को इस कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन हमारे एवं हमारे परिवार के लिए सार्थक एवं उपयोगी है।

## एचएम व भेंडर के मनमाने रवैये के कारण विद्यालयों में एमडीएम बाधित

बीएनएम@मोतिहारी

मोतिहारी। तुरकौलिया प्रखंड के विद्यालयों में मेनू के अनुसार भोजन नही बनाया जा रहा है। नियमों को ताक पर रखकर एमडीएम का संचालन किया जा रहा है। वही भेंडर भी मनमानी ढंग से विद्यालयों में समान का सप्लाई करते हैं। इसी तरह का नजारा तुरकौलिया पूर्वी पंचायत में देखने को मिल रहा है। जहां नवसृजित प्राथमिक विद्यालय पिपरिया नागरटोली और नवसृजित प्राथमिक विद्यालय मंझार मुसहरी टोला बदहाली का नमूना बना हुआ है। दोनों विद्यालयों के पास भवन नही होने के कारण राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंझार में वर्ष 2014 से शिफ्ट करके पढ़ाया जा रहा है। लेकिन आजतक विभाग द्वारा दोनों विद्यालयों के लिए भवन नही बनवाया गया है। शुक्रवार को बच्चों के खाना में अंडा देना है लेकिन अंडा नहीं बनाया गया था। इस बाबत पुछने पर दोनों विद्यालयों के एचएम अनवारुल हक व अजय कुमार ने बताया कि भेंडर सौरव कुमार द्वारा अंडा सप्लाई नहीं किया गया है। वही भेंडर सौरव ने बताया कि मार्निंग स्कूल होने के कारण समय नहीं मिल पा रहा है लेकिन अब ससमय सप्लाई किया जाएगा। विद्यालय में रोजाना समान पहुंचाना मुमकिन नही है। कुछ समान का पैसा एचएम को देकर रखा जाता है। ताकि कोई समान की कमी होने पर वे लोग खरीद सकें। लेकिन एचएम खरीदारी नही करते हैं। एमडीएम प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि इसकी जानकारी नही है।

## केसरिया में सड़क किनारे मिला युवक का शव, सनसनी

बीएनएम@केसरिया

केसरिया । थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को एसएच-74 मार्ग स्थित कदम चौक के समीप सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाना ले आई। जहां परिजनों ने युवक की पहचान की। मृतक की पहचान चकिया थाना क्षेत्र के बरमदिया गांव निवासी 36 वर्षीय पप्पू कुमार पंडित के रूप में हुई। जांच में पुलिस ने प्रथम द्दष्या पप्पू कुमार पंडित की मौत मामले का कारण सड़क हादसा बताया है। बताया जाता है कि पप्पू अपने घर से केसरिया आया था। यहां से गोंछी स्थित अपने संबंधी के घर जा रहा था। आशंका जतायी जा रही है कि इस बीच किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई है। मृतक को पांच पुत्री व दो पुत्र हैं। परिजनों के अनुसार वह गुरुवार की शाम को घर से निकला था। इधर ,पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थानाध्यक्ष गौरी कुमारी ने बताया कि मामला प्रथम द्दष्टया सड़क दुर्घटना का लग रहा। शव को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है।



## "कॉफी विद एसपी" कार्यक्रम का आयोजन कल



बीएनएम@मोतिहारी


मोतिहारी। अंतरराष्ट्रीय नशा विमुक्ति दिवस पर 26 जून को पूर्ण शराबंदी एवं नशा विमुक्ति महाअभियान अंतर्गत पुलिस एक अनूठी पहल करेगी। कचहरी चौक स्थित नव निर्मित ऑडिटोरियम में कॉफी विद एसपी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम शीर्षत कपिल अशोक होंगे। युवाओं की मांग पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। जिसमें एसपी, मोतिहारी स्वयं युवाओं से उनके कैरियर, अधिकार और कर्तव्यों पर संवाद करेगें। युवाओं से जुड़ी बातें, उनके प्रश्न- उत्तर और सुझाव इस संवाद का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को पुलिस और जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों से उनकी सफलताओं का रोचक ताना- बाना और संघर्षों की गाथा को जानने का मौका भी मिलेगा। साथ ही यह सभी अधिकारी युवाओं को उनकी कैरियर में महती आकांक्षाओं को साकार करने का रास्ता भी प्रशस्त करेगें। प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी, सफल होने के गुर, असफलता और निराशा से कैसे बचें, मोटिवेशन कैसे बनाए रखें, इंटरव्यू कैसे फेस करें, अच्छा सिविल सर्वेंट कैसे बनें, सेवा के उच्च मूल्यों को कैसे और ऊंचाइयों पर ले जाएं, एक अच्छा नागरिक और बेहतर इंसान कैसे बनें, क्या अधिकार और क्या कर्तव्य होने चाहिए इत्यादि विषयों पर सारगर्भित परिचर्चा की जाएगी। वहीं पूर्ण शराबबंदी और नशा विमुक्ति दिवस के अवसर पर युवाओं से इस मुहिम को सफल बनाने का आह्वान भी किया जाएगा। कैरियर की राह सुझाने वाले इस स्पंदित कार्यक्रम में लिमिटेड सीटें हैं और सभी प्रतिभागी युवाओं को वेब लिंक (https://forms.gle/kJAoFFvKpjbBwPEj7) के माध्यम से रेजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। अंतर्राष्ट्रीय नशा विमुक्ति दिवस के अवसर पर व्यापक जनजागरुकता के लिए मोतिहारी पुलिस द्वारा सुबह में प्रभात फेरी, नशा विमुक्ति दौड़ और ड्राइंग/स्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही।

BORDER NEWS MIRROR
BNM
to the point...

ISO 9001 : 2015

# हर्ष हॉस्पीटल


बनकट, N.H.28A Hyundai
शो-रूम के नजदीक, मोतिहारी






24x7
DIALYSIS

ICU



ISO 9001:2015

## HARSH HOSPITAL

**Dr. Manish Kumar (Director)**
M.B.B.S., D.A. (BNMU)

**Dr. Manish Kumar**
Director Cum
Vice President Congress
Bihar State Committee
(Medical Cell)

**(1) ANASTHESIA AND CRITICAL CARE**
Dr. MANISH KUMAR
MBBS BA (KMC BIHAR)
Dr. RAKESH KUMAR
MBBS, MD (PMCH)

**(2) GENERAL SURGERY & LAPROSCOPY**
Dr. AMIT KUMAR
MBBS (DNB SURGERY)

**(3) UROLOGY**
Dr. AMIT KUMAR
MBBS (DNB SURGERY)

**(4) GYNAE & O.B.S.**
Dr. SANGEETA SINGH
(MBBS, MS)
Dr. RASMI SHREE
(MBBS, DNB)

**(5) ORTHOPEDICS**
Dr. KUMAR SAURABH
(MBBS, MS)
Dr. SANJEEV KUMAR
(MBBS, DIO)

**(6) NEURO SURGERY**
Dr. PRADEEP KUMAR
(MBBS, MS, MCH) SUNDAY

**(7) MEDICINE DEPARTMENT**
Dr. ASHUTOSH KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. SUMIT KUMAR
(MBBS, MD)

**(8) PEDIATRIC DEPARTMENT**
Dr. PANKAJ KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. SUMIT KUMAR
(MBBS, MD)
Dr. FIROJ ALAM
(MBBS, DCH)

**(9) DENTAL**
Dr. RAVI RANJAN SINGH
(BDS)
Dr. JAYDEEP KUMAR
(BDS)
Dr. GAURAV KUMAR
(BDS, MDS)

**(10) GASTROENTEROLOGY**
Dr. RAJ KUMAR DEEPAK
(MBBS, MD)

**(11) NEURO PSYCHIATRIC**
Dr. HEMANT KUMAR
MBBS, MD (BHU)

**(12) ENT**
Dr. RISHANK KISHOR
(MBBS, MS)
Dr. MADHUR KR. VERMA
(MBBS, MS)

**(13) OPTHALMOLOGY**
Dr. NARAYAN KUMAR
(MBBS, MS)
Dr. SABIT HASSAN
(MBBS, MS)

**(14) DERMATOLOGY**
Dr. JAMAL AKHTAR
MBBS, MD, (PMCH)

**(15) PHYSIOTHERAPY**
Dr. ANAND KUMAR
BPT, MPT
Dr. RAHUL KR. MISHRA
BPT
Dr. NADEEM ZAFAR
BPT, MPT

24x7
आपातकालीन सेवा
Mob.: 9905266498, 9939297978
Email: harshhospitalmth@gmail.com

# बुनियादी मुद्दों से ध्यान बंटाने में भाजपा सरकार सफल नहीं होगी: अखिलेश



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव

बीएनएम@लखनऊ

**-भाजपा सरकार में हेल्थ इंडेक्स में अंतिम पायदान पर पहुंचा उत्तर प्रदेश**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा है कि भाजपा ने जनता को गुमराह करने के लिए जो सपने दिखाए उनकी सच्चाई अब सामने आने लगी है। वादों की चासनी लपेटकर भाजपा सरकारों ने लोगों को अपने जाल में फंसाने की जो कवायद की अब उसका भी अंत नज़र आने लगा है। बुनियादी मुद्दों से ध्यान बंटाने में अब भाजपा सरकार सफल नहीं होगी। भाजपा सरकार ने 100 स्मार्ट सिटी बनाने का वादा किया था। काशी को क्योटो बनाने का सपना दिखाया था, लेकिन दो बार के प्रधानमंत्रित्वकाल, अभी तक के आठ साल में, भारत में भारत का एक भी शहर दुनिया के 100 टाप शहरों में शामिल नहीं है। मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश में विकास के रास्ते पर एक भी कदम नहीं बढ़ा पाये? कन्नौज में विश्वस्तरीय इत्र पार्क के निर्माण का निर्णय समाजवादी सरकार में हुआ था। भाजपा सरकार के राजनीतिक विद्वेष का शिकार होकर इत्र पार्क आज वीरान पड़ा है। खुशबू से नफरत का यह खेल किसी को पसंद नहीं आने वाला है। इससे किसानों में भी निराशा है क्योंकि फूलों की खेती भी उजड़ गयी। 'आरोग्य भारत' की बात करने वाले, हर मौके को सियासत का एजेण्डा बनाने वाली डबल इंजन सरकार के अधीन उत्तर प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में सेवाएं बदहाल हैं। स्ट्रेचर, एम्बूलेंस, दवा, उपचार के प्रश्न बेमानी हो गए हैं। उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार में हेल्थ इंडेक्स में अंतिम पायदान पर पहुंच गया है। मरीजों का हाल बेहाल है। पहले राशन से तेल, चना, चीनी, नमक गायब हुआ। अब गेहूं भी भाजपा निगल गई है। जून माह में राशन लाभार्थियों को क्यों नहीं दिया जा रहा है? पूरा राशन नहीं देना था तो चुनाव के वक्त झूठा वादा क्यों किया था? गरीब की रोटी भी छीन ली गई है। भाजपा का हर वादा झूठा है। जनता की मजबूरियों का भाजपा कितने दिन दोहन करेगी?

## NEWS IN BRIEF

### हेड मास्टर ने चप्पलों से महिला शिक्षामित्र को पीटा

लखीमपुर खीरी। ब्लाक नकहा क्षेत्र में स्थित संविलियन विद्यालय महंगूखेड़ा में रजिस्टर पर दस्तखत करने को लेकर प्रधानाचार्य और महिला शिक्षामित्र में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि प्रधानाचार्य ने चप्पल निकालकर महिला शिक्षामित्र की पिटाई कर दी। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने मारपीट की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। वीडियो वायरल होने पर बीएसए ने हो रही छीछालेदर पर मिट्टी डालने के लिए प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया। घटना के बाद से शिक्षामित्रों में रोष है। बताया जाता है कि संविलियन विद्यालय महंगूखेड़ा में कार्यरत महिला शिक्षामित्र रजिस्टर पर दस्तखत करने आई थी। दस्तखत करने को लेकर इंचार्ज हेड मास्टर अजीत कुमार कहासुनी करने लगे। इस पर महिला शिक्षामित्र भी भिड़ गई। दोनों में तकरार होने लगी तो मौके पर स्कूल के बच्चे, अध्यापक, रसोइये व ग्रामीण जमा हो गए। सबको दरकिनार कर दोनों का झगड़ा जारी रहा। बात बढ़ने पर प्रभारी अजीत कुमार ने चप्पल उतारकर महिला शिक्षामित्र की पिटाई शुरू कर दी। आग बबूला हुए हेड मास्टर ने धक्का-मुक्की करते हुए फिर महिला शिक्षामित्र की पिटाई कर दी। इस मामले का वीडियो किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसके बाद लोगों ने इसे फेसबुक, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम पर भी शेयर कर दिया। लोगों ने इंचार्ज हेड मास्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग शुरु कर दी। मामले की नजाकत को भांपते हुए बीएसए ने इंचार्ज हेड मास्टर को निलंबित कर दिया। इस मामले पर शिक्षामित्रों ने नाराजगी जताते हुए दोषी हेड मास्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है।

# तपोभूमि चित्रकूट में 27 जून को होगा श्रीरामायण यात्रा का भव्य स्वागत

बीएनएम@चित्रकूट


चित्रकूट। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में शुक्रवार को श्रीरामायण यात्रा की तैयारी के संबंध में एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि श्रीरामायण यात्रा अयोध्या से शुरु हुई है जो 27 जून को सांय काल पांच बजे चित्रकूट आएगी। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्री के निर्देश पर सभी जनपदों में श्रीरामायण यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद चित्रकूट में यूपी के समाज कल्याण मंत्री को शामिल किया है, जो वह जनपद चित्रकूट में आकर श्रीरामायण यात्रा का स्वागत करेंगे। उन्होंने पर्यटन अधिकारी शक्ति सिंह को निर्देश दिया कि रामघाट आरती स्थल पर स्वागत कार्यक्रम की तैयारी कराएं तथा श्रीरामायण यात्रा के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराएं।

# नजरबंदी मामले में हाईकोर्ट ने चार सप्ताह में राज्य सरकार से मांगा जवाब

बीएनएम@लखनऊ

लखनऊ। लखनऊ पुलिस ने पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर को 19 व 20 जून को उनके अपने ही आवास पर नजरबंद किया था। इस मामले में पीड़ित की ओर से दायर याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। यह आदेश जस्टिस राजन रॉय तथा जस्टिस सैयद वाइज मियां की बेंच ने याची के अधिवक्ता दीपक कुमार व राज्य सरकार के अधिवक्ता को सुनकर दिया। याचिका में अमिताभ ने कहा कि वे दरोगा भर्ती परीक्षा की तमाम गड़बड़ियों के संबंध में 20 जून को ईको गार्डन, लखनऊ में आयोजित महासत्याग्रह में भाग लेने वाले थे। इसके संबंध में उन्होंने पुलिस को पहले ही सूचित किया था। पुलिस ने उन्हें वहां जाने से रोकने के लिए 19 जून रात से उनके आवास पर भारी पुलिस बल लगा दिया और उन्हें घर पर नज़रबंद कर दिया। बताया गया कि उन्हें सीनियर अफसरों के आदेश पर घर से बाहर निकलने पर पूरी तरह रोक है और यदि वे घर के बाहर कदम रखेंगे तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस की कार्यवाही से उत्पन्न तनाव के कारण अमिताभ की तबियत बिगड़ गयी थी और उन्हें लोहिया अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया था, लेकिन लखनऊ पुलिस उन्हें वहां घेरे मौजूद रही थी।अमिताभ ने कहा कि पूर्व में भी 21 से 27 अगस्त 2021 में उन्हें इसी प्रकार अवैध नज़रबंद रखा गया था।

# उत्तर प्रदेश में बढ़ेगी गन्ने की मिठास:सीएम



बीएनएम@

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के 50 लाख से अधिक गन्ना की खेती करने वाले किसानों के परिवारों में गन्ने की मिठास बढ़ेगी। इसके लिए योगी सरकार-02 में अगले पांच साल के लिए मुकम्मल रणनीति तैयार की है। समग्रता में बनी इस रणनीति में मिलों का आधुनिकीकरण, डिस्टलरी प्लांट, सल्फर मुक्त चीनी का उत्पादन से लेकर गन्ने के उपज से लेकर रकबा और चीनी का परता बढ़ाने पर चरणबद्ध तरीके से काम होने हैं। पांच साल में 480 करोड़ की लागत से होगा 14 मिलों का आधुनिकीकरण प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड की 14 चीनी मिलों की चरणबद्ध तरीके से अपग्रेडेशन की कार्ययोजना तैयार की है। इसमें कुल करीब 480 करोड़ रुपये की लागत आएगी। पहले चरण 2022-23 में अलीगढ़ की साथा, सुल्तानपुर और महराजगंज-नोतनवा का आधुनिकीकरण होना है। इन तीनों मिलों के आधुनिकीकरण में करीब 95 करोड़ की लागत का पूर्वानुमान है। दूसरे चरण (2023-24) में कासगंज की बिलासपुर, बरेली की सीमाखेड़ा और पीलीभीत की पूरनपुर चीनी मिल के आधुनिकीकरण में सरकार 105 करोड़ रुपये खर्च करेगी। तीसरे चरण 2024-25 में मऊ की घोषी, सीतापुर की महमूदाबाद, पीलीभीत की बीसलपुर और बदायूं की चीनी मिलों का आधुनिकीकरण होना है। इसी तरह पांच साल की कार्ययोजना के अंतिम चरण में फर्रुखाबाद की कायमगंज, मुजफ्फरनगर की मोरना, शाहजहांपुर की तिलहर और बागपत की चीनी मिलों का अपग्रेडेशन होना है। बाद की दो चरणों में जिन आठ मिलों का आधुनिकीकरण होना है, उसमें सरकार 140-140 करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसी तरह चरणबद्ध तरीके से उत्तर प्रदेश राज्य चीनी निगम लिमिटेड की तीन मिलों गोरखपुर की पिपराइच, मेरठ की मोहिउद्दीनपुर में डिस्टलरी और बाराबंकी की बुढ़वल चीनी मिल में कोजन प्लांट, सल्फरलेस प्लांट और डिस्टलरी की स्थापना होनी है। इन तीनों में प्रदेश सरकार और केंद्र का अंशदान क्रमशः 30 प्रतिशत अंशदान और 70 प्रतिशत ऋण होगा। छाता मथुरा में 550 करोड़ रुपये की लागत से मल्टीफ़ीड डिस्टलरी शुगर काम्प्लेक्स की स्थापना भी होगी।

# पांच शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, असलाह कारतूस बरामद

बीएनएम@फिरोजाबाद

फिरोजाबाद। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने पांच शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से असलाह, कारतूस आदि सामान बरामद किया है। थाना प्रभारी शिकोहाबाद प्रदीप कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गस्त पर थे तभी उन्होंने सूचना पर भूड़ा नहर पुल से दिखतौली जाने वाले मार्ग से अभियुक्तगण अर्जुन पुत्र प्रमोद कुमार निवासी मोहल्ला करटमीरा जगन्नाथपुरी थाना शिकोहाबाद, फैजान पुत्र शमशाद निवासी मोहल्ला तेलीवाली गली कस्वा व थाना शिकोहाबाद व रोबिन पुत्र अरुण सिंह निवासी मोहल्ला तेलीवाली गली कस्वा व थाना शिकोहाबाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 6 मोबाइल चोरी व लूट की एक मोटर साइकिल बरामद की है। इसके साथ ही थाना प्रभारी दक्षिण बैजनाथ सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गस्त पर थे तभी उन्होंने सूचना पर अभियुक्त शाहरुख पुत्र मुस्तकीम निवासी लाल चौक गडैया थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को लेवर कालोनी के पास से अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है।



# Editorial

Saturday 25 June 2022

## ब्रिक्सः भारत का मध्यम मार्ग

'ब्रिक्स' यानी ब्राजील, एशिया, इंडिया, चाइना और साउथ अफ्रीका। इन देशों के नाम के पहले अक्षरों को जोड़कर इस अंतरराष्ट्रीय संगठन का नाम रखा गया है। इसका 14 वां शिखर सम्मेलन इस बार पेइचिंग में हुआ, क्योंकि आजकल चीन इसका अध्यक्ष है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन नहीं गए लेकिन इसमें उन्होंने दिल्ली में बैठे-बैठे ही भाग लिया। उनके चीन नहीं जाने का कारण बताने की जरुरत नहीं है, हालांकि गलवान-विवाद के बावजूद चीन-भारत व्यापार में इधर काफी वृद्धि हुई है। ब्रिक्स के इस संगठन में भारत अकेला ऐसा राष्ट्र है, जो दोनों महाशक्तियों के नए गठबंधनों का सदस्य है। भारत उस चौगुटे का सदस्य है, जिसमें अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया भी सम्मिलत हैं और उस नए चौगुटे का भी सदस्य है, जिसमें अमेरिका, इस्राइल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) सदस्य हैं। चीन खुलेआम कहता है कि ये दोनों गुट शीतयुद्ध-मानसिकता के प्रतीक हैं। ये अमेरिका ने इसलिए बनाए हैं कि उसे चीन और रुस के खिलाफ जगह-जगह मोर्चे खड़े करने हैं। यह बात चीन के नेता शी चिन फिंग ने ब्रिक्स के इस शिखर सम्मेलन में भी दोहराई है लेकिन भारत का रवैया बिल्कुल मध्यममार्गी है। वह न तो यूक्रेन के सवाल पर रुस और चीन का पक्ष लेता है और न ही अमेरिका का। इस शिखर सम्मेलन में भी उसने रुस और यूक्रेन में संवाद से सारे विवाद को हल करने की बात कही है, जिसे संयुक्त वक्तव्य में भी उचित स्थान मिला है। इसी तरह मोदी ने ब्रिक्स राष्ट्रों के बीच बढ़ते हुए पारस्परिक सहयोग की नई पहलों का स्वागत किया है। उन्होंने जिस बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया है, वह है- इन राष्ट्रों की जनता का जनता से सीधा संबंध। इस मामले में भारत के पड़ोसी दक्षेस (सार्क) के देशों का ही कोई प्रभावशाली स्वायत्त संगठन नहीं है तो ब्रिक्स और चौगुटे देशों की जनता के सीधे संपर्कों का क्या कहना? मेरी कोशिश है कि शीघ्र ही भारत के 16 पड़ोसी राष्ट्रों का संगठन 'जन-दक्षेस' (पीपल्स सार्क) के नाम से खड़ा किया जा सके।

## आपातकाल में छिन गई थी देश की स्वतंत्रता

**सुरेश हिन्दुस्थानी**



सत्ता की ताकत का दुरुपयोग कैसे किया जाता है। इसका उदाहरण कांग्रेस सरकार द्वारा 1975 में देश पर तानाशाही पूर्वक लगाया गया आपातकाल है। जिसमें अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार ही समाप्त कर दिया था। इसे एक प्रकार से देश की आजादी को छीनने का दुस्साहसिक प्रयास भी माना जा सकता है। क्योंकि इंदिरा शासन द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल में सरकार के विरोध में आवाज उठाने को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया था। यहां तक कि सरकार ने विपक्ष की राजनीति करने वालों के साथ ही उन समाजसेवियों और राष्ट्रीय विचार के प्रति समर्पित उन संस्थाओं के व्यक्तियों को जेल में ठूंस दिया था, जो सरकार की कमियों के विरोध में लोकतांत्रिक तरीके से आवाज उठा रहे थे। सरकार के इस कदम को पूरी तरह से अलोकतांत्रिक कहा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इंदिरा गांधी की सरकार ने अपनी सरकार के खिलाफ उठने वाली हर उस आवाज को दबाने का प्रयास किया, जो लोकतांत्रिक रुप से भी सही थी। वैसे देखा जाए तो कांग्रेस शासन का यही चरित्र रहा है कि उनके खिलाफ उठने वाली आवाज को किसी भी प्रकार से शांत किया जाए। आज भी कांग्रेस ठीक इसी पद्धति से काम करती हुई दिखाई दे रही है। कांग्रेस में लोकतांत्रिक सिद्धांतों की बलि दी जाती रही है। इसे कांग्रेस का स्वभाव ही माना जा सकता है कि उसने देश को मजबूत करने वाली आवाज को मुखर नहीं होने दिया। इसके विपरीत देश के विरोध में उठने वाली आवाज को बिना सोचे समझे अभिव्यक्ति की आजादी कहकर समर्थन किया। सीधे शब्दों में निरुपित किया जाए तो यही कहा जा सकता है कि कांग्रेस को अपने विरोध में कही गई कोई बात जरा भी पसंद नहीं है। इसी कारण नेशनल हेराल्ड में जब जांच की बात आती है तो कांग्रेस के नेता एकजुट होकर ऐसा प्रदर्शन करते हैं, जैसे वही सही हैं और बाकी सभी गलत। कांग्रेस ने एक नहीं कई बार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर राष्ट्रविरोधी ताकतों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रुप से समर्थन देने काम किया है, लेकिन जो कांग्रेस गाहे-बगाहे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की वकालत करती रही है, उसने ही 25/26 जून, 1975 की रात आपातकाल लगाने के बाद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का पूरी तरह गला घोंट दिया था। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किस प्रकार कुठाराघात किया जाता है, इस तथ्य को जानने के लिए कांग्रेस के नेताओं को आपातकाल के काले अध्याय का अध्ययन करना चाहिए। आपातकाल के नाम पर कांग्रेस ने अंग्रेजों से भी भयंकर यातनाएं देते हुए देशभक्तों पर कहर बरपाया। जिसके स्मरण मात्र से दिल में सिरहन दौड़ जाती है। जिन लोगों ने इस काली रात का साक्षात्कार किया, उनके अनुभव सुनने मात्र से ही लगता है कि इन्होंने आपातकाल को किस कदर भोगा होगा। आपातकाल लगाने के पीछे के कारणों पर दृष्टिपात किया जाए तो यही तथ्य सामने आते हैं कि उस समय की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी पूरी तरह से तानाशाह शासक की भूमिका में दिखाई दीं। उन्होंने इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश को ठेंगा बताते हुए अपना प्रभुत्व स्थापित करने का प्रयास किया, यह एक प्रकार से सत्ता का दुरुपयोग ही था। वह निर्णय क्या था? इसकी जड़ में 1971 में हुआ लोकसभा चुनाव था, जिसमें उन्होंने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी राजनारायण को पराजित किया था, लेकिन चुनाव परिणाम आने के चार साल बाद राज नारायण ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

*Today's* **Opinion**

## सामाजिक परिवर्तन की संवाहक होंगी द्रौपदी मुर्मू



**शिवराज सिंह चौहान**

भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने जनजातीय गौरव द्रौपदी मुर्मू को भारत के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद के लिये उम्मीदवार घोषित कर न केवल समाज के सभी वर्गों के प्रति सम्मान के भाव को पुनः सिद्ध किया है अपितु कांग्रेस शासन के उस अंधे युग के अंत की भी घोषणा भी कर दी है, जिसमें सम्मान और पद अपने-अपने लोगों को पहचान कर बांटे जाते थे। भारतीय लोकतंत्र में यह पहली बार होगा जब कोई आदिवासी और वह भी महिला इस सर्वोच्च पद को सुशोभित करेगी। भारतीय जनता पार्टी की सोच हमेशा से ही भेदभाव रहित, समरस तथा समानतामूलक समाज की स्थापना की रही है। भाजपा को अपने शासन काल में तीन अवसर प्राप्त हुए और तीनों अवसरों पर उसने समाज के तीन अलग-अलग समुदायों से राष्ट्रपति का चयन किया। सर्वप्रथम अल्पसंख्यक वर्ग से महान वैज्ञानिक और कर्मयोगी डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, फिर दलित समुदाय के रामनाथ कोविन्द और अब जनजातीय समुदाय से द्रौपदी मुर्मू जी। हमें यह कहते हुये प्रसन्नता है कि अभी हाल ही में सम्पन्न हुए राज्यसभा चुनाव में मध्य प्रदेश से हमने दो बहनों को राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित किया है जिसमें वाल्मीकि समाज की बहन सुमित्रा वाल्मीकि भी हैं। भारतीय जनता पार्टी अद्वैत दर्शन के एकात्म मानववाद को मानती है, जिसमें कहा गया है - 'तत्वमसि' अर्थात् 'तू भी वही है'। पं. दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन भी अद्वैत पर ही आधारित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 'सबका साथ, सबका विकास' का संकल्प भी एकात्म मानववाद की भावना से ही निकला हुआ है। मोदी जी के निर्णयों में उनकी दूरदृष्टि और संवेदनशीलता हर भारतीय को स्पष्ट महसूस होती है। मुझे याद आता है कि द्रौपदी मुर्मू जी को ओडिशा विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ विधायक के सम्मान से सम्मानित किया गया था और इस सम्मान का नाम था - नीलकंठ सम्मान। द्रौपदी मुर्मू समाज में सेवा का अमृत बांटती रही हैं। ओडिशा के बैदापैसी आदिवासी गांव में जन्मीं द्रौपदी मुर्मू जी ने अपने जीवन में कठोरतम परीक्षायें दी हैं। उनके विवाह के कुछ वर्ष बाद ही पति का देहान्त हुआ और फिर दो पुत्र भी स्वर्गवासी हो गये। उन्होंने विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में संघर्ष का मार्ग चुना और अपनी एक मात्र पुत्री के पालन पोषण के लिये शिक्षक और लिपिक जैसी नौकरियां कीं। उन्होंने कड़ी मेहनत से पुत्री को योग्य बनाया। जनसेवा की भावना से ओतप्रोत द्रौपदी जी ने रायरंगपुर नगर पंचायत में पार्षद का चुनाव जीत कर सक्रिय राजनीति की शुरुआत की। वे भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा से जुड़ी रहीं और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की सदस्य भी रहीं। ओडिशा में बीजू जनता दल एवं भाजपा की सरकार में मंत्री रहीं और 2015 में झारखंड की पहली महिला राज्यपाल बनीं। आदिवासी हितों की रक्षा के लिये वे इतनी प्रतिबद्ध रहीं कि तत्कालीन रघुवरदास सरकार के आदिवासियों की भूमि से संबंधित अध्यादेश पर इसलिये हस्ताक्षर नहीं किये क्योंकि उन्हें संदेह था कि इससे आदिवासियों का अहित हो सकता है। वे किसी भी प्रकार के दबाव के आगे नहीं झुकीं। यही कारण है कि उड़ीसा में लोग उन्हें आत्मबल, संघर्ष, न्याय तथा मूल्यों के प्रति समर्पित ऐसी सशक्त महिला के रुप में देखते हैं जिनसे समाज के लोग प्रेरणा लेते हैं। भारतीय जनता पार्टी, प्राचीन भारत में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों को जो गौरव और सम्मान प्राप्त था उसे पुनर्स्थापित करना चाहती है। विदेशी आक्रान्ताओं और स्वतंत्रता के पश्चात स्वार्थी राजनीतिक दलों ने इन वर्गों को सेवक या वोट बैंक बना दिया था, भाजपा उन्हें पुनः सामाजिक सम्मान और आत्मगौरव प्रदान करना चाहती है। हम चाहते हैं कि भारत में फिर अपाला, घोषा, लोपामुद्रा, गार्गी, मैत्रेयी जैसी महिलाओं के ऋषित्व की पूजा हो। मनुष्य का जन्म से नहीं, कर्म से मूल्यांकन हो, जैसे वाल्मीकि, कबीर या रैदास का होता रहा है। सामाजिक सोच और व्यवहार में महिलाओं, आदिवासी और दलितों को पर्याप्त सम्मान प्राप्त हो। इसी लक्ष्य को सामने रख कर रामनाथ कोविन्द या द्रौपदी मुर्मू जैसे इन वर्गों के नेताओं को शीर्ष सम्मान देना भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य रहा है।

**(लेखक, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं।)**

मुद्रक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी बिहार -845401 से मुद्रित तथा सरोतर निवास राजाबाजार, मोतिहारी बिहार से प्रकाशित, संपादक सागर सूरज* फोन न:-06252-296796, प्रसार:-9470050309
ईमेल:- bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइट:- www.bordernewsmirror.com(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) TITLE CODE - BIHBIL02431

# गुजरात दंगों में नरेन्द्र मोदी और 63 अन्य लोगों को सुप्रीम कोर्ट से भी क्लीन चिट




बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी और 63 अन्य लोगों की भूमिका को लेकर एसआईटी की ओर से दी गई क्लीन चिट को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि पुलिस की कमी के बावजूद गुजरात प्रशासन ने दंगों को शांत करने की पूरी कोशिश की। कोर्ट ने कहा कि बिना समय गंवाये केंद्रीय सुरक्षा बलों और सेना को सही वक्त पर बुलाया गया। तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति बनाए रखने के लिए जनता से कई बार अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पुलिस अधिकारी संजीव भट्ट, श्रीकुमार और हरेन पांड्या ने निजी स्वार्थों के लिए झूठे आरोप लगाए। इन्होंने दावा किया कि मोदी के साथ बड़े अधिकारियों की मीटिंग में दंगों की साजिश रची गई और वो इस मीटिंग में मौजूद थे लेकिन हकीकत यह है कि वो उस मीटिंग में मौजूद ही नहीं थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2006 में जाकिया जाफरी की शिकायत के बाद निहित स्वार्थों के चलते इस मामले को 16 साल तक जिंदा रखा गया। कोर्ट ने कहा कि जो लोग भी कानूनी प्रकिया के गलत इस्तेमाल में शामिल हैं, उनके खिलाफ उचित कार्रवाई होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि ऐसा लगता है कि जाकिया जाफरी किसी और के इशारे पर काम कर रही थीं। उनकी याचिका में कई बातें ऐसी लिखी हैं जो किसी और के हलफनामे दर्ज हैं और वो बातें झूठी पाई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा है कि एसआईटी ने सभी तथ्यों की ठीक से पड़ताल करके अपनी रिपोर्ट दी है। जांच के दौरान कोई ऐसे सबूत नहीं मिले, जिससे ये संदेह भी होता हो कि राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ हिंसा की साजिश उच्च स्तर पर रची गई। कोर्ट ने कहा कि हम एसआईटी की रिपोर्ट को स्वीकार करते हैं। कोर्ट ने 9 दिसंबर, 2021 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में तीस्ता सीतलवाड़ पर पिछले बीस वर्षों से गुजरात सरकार को बदनाम करने की साजिश करने का आरोप लगाया था। गुजरात सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा था कि जाकिया जाफरी से हमें सहानुभूति है। उन्होंने अपने पति को खोया है लेकिन उनकी पीड़ा का लाभ उठाने की भी एक सीमा होती है।

## NEWS IN BRIEF

गवाहों को सिखाया-पढ़ाया गया। एसआईटी ने सीतलवाड़ के खिलाफ साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर निर्दोष लोगों को फंसाने का मुकदमा क्यों नहीं चलाया। मेहता ने कहा था कि 2021 में आरोप लगाकर मामले की दोबारा जांच की मांग की जा रही है। मेहता ने आरोप लगाया था कि सिटजन फॉर पीस एंड जस्टिस और सबरंग इंडिया ट्रस्ट का निजी हितों के लिए इस्तेमाल किया गया। इनके खातों का लंबे समय तक आडिट नहीं किया गया। एसआईटी की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी ने एसआईटी पर लगाए गए सभी आरोपों को खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा था कि एसआईटी ने काफी सूक्ष्मता से जांच की और उसकी जांच में कोई गड़बड़ी नहीं है। रोहतगी ने कहा था कि ट्रायल कोर्ट ने गुलबर्गा सोसायटी दंगा मामले में 17 जून, 2016 को फैसला सुनाया। जाकिया जाफरी ने 2006 में शिकायत की। जब जाफरी अपना एफआईआर दर्ज करवाने की मांग के लिए हाईकोर्ट गईं तो उनके साथ एक एनजीओ की प्रमुख तीस्ता सीतलवाड़ भी शामिल हो गईं। हाईकोर्ट ने कहा था कि की तीस्ता सीतलवाड़ का इस केस से कोई लेना-देना नहीं है।

जाकिया जाफरी की ओर से कपिल सिब्बल ने कहा था कि जांच के लिए महत्वपूर्ण गवाहों के बयान दर्ज नहीं किए गए। हिंसा भड़काने के लिए झूठे प्रोपगेंडा फैलाए गए लेकिन किसी की जांच नहीं हुई। सिब्बल ने कहा था कि तहलका के स्टिंग पर पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। उस स्टिंग में कहा गया है कि अस्पताल के बाहर जुटी भीड़ पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। तहलका के स्टिंग की तस्दीक राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, सिटिजंस ट्रिब्यूनल और वुमन पार्लियामेंट्री कमेटी ने भी की लेकिन किसी से पूछताछ नहीं की गई।

# सुप्रीम कोर्ट ने रेप व मर्डर के दोषी को फांसी की सजा पर मुहर लगाई

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के राजसमंद जिले में साढ़े सात साल की बच्ची के अपहरण, बलात्कार और हत्या के दोषी को हाईकोर्ट की ओर से मुकर्रर फांसी की सजा पर मुहर लगा दी है। जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह अपराध अत्यधिक वीभत्स था जो अंतरात्मा को झकझोर देता है। इसमें मौत की सजा की पुष्टि के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। मामले के दोषी मनोज प्रताप सिंह ने 17 जनवरी 2013 को मानसिक रुप से विकलांग नाबालिग लड़की का उसके माता-पिता के सामने अपहरण कर लिया था। दोषी ने नाबालिग लड़की के साथ निर्जन स्थान पर दुष्कर्म किया और बाद में उसकी सिर कुचलकर हत्या कर दी थी। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि असहाय बच्ची का सिर कुचल दिया गया था।

# ईडी ने शिवसेना नेता अर्जुन खोतकर की सहकारी चीनी मिल जब्त की


बीएनएम@मुंबई

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिवसेना नेता अर्जुन खोतकर की जालना जिले में स्थित सहकारी चीनी मिल की 200 एकड़ जमीन, फैक्टरी की इमारत और मशीनरी को जब्त कर लिया है । शिवसेना नेता के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। आरोप है कि फैक्टरी की जमीन के लेन-देन में गड़बड़ी पाई गई थी, जिसकी वजह से यह कार्रवाई की गई है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष किरीट सोमैया ने अर्जुन खोतकर की सहकारी चीनी मिल की खरीदी के व्यवहार में आर्थिक गड़बड़ी होने की शिकायत ईडी के समक्ष की थी। इसी वजह से कुछ महीने पहले ईडी ने कृषि उपज मंडी समिति के साथ फैक्टरी और दर्शना स्थित अर्जुन खोतकर के आवास पर दो दिनों तक छापेमारी की थी। इस मामले की मनी लांड्रिंग एंगल के तहत जांच करते हुए आज ईडी ने अर्जुन खोतकर की सहकारी चीनी मिल और उसकी जमीन आदि जब्त की है। अर्जुन खोतकर ने बताया कि हमें इस कार्रवाई के बारे में कुछ नहीं पता, कार्रवाई करने का अधिकार ईडी के पास है। हम इस संबंध में अदालत में अपील करेंगे । खोतकर ने आरोप लगाया कि ईडी की यह कार्रवाई उन्हें डराने के लिए की जा रही है। इस समय राज्य में जारी राजनीतिक उथल पुथल के बीच ईडी भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम कर रहा है। ईडी का प्रयास उन्हें डराने तथा किसी भी तरह बागी एकनाथ खडसे को समर्थन देने के लिए है।

# जी परमेश्वरन अय्यर बने नीति आयोग का सीईओ

बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। केन्द्र सरकार ने जी परमेश्वरन अय्यर को नीति आयोग का सीईओ नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल दो साल के लिए होगा। अय्यर अमिताभ कांत का स्थान लेंगे । कांत को 2016 में दो साल के लिए सीईओ बनाया गया था और तब से उन्हें सेवा विस्तार मिलता रहा है। वे 30 जून को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अनुसार केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने उनके नाम को मंजूरी प्रदान की। जी परमेश्वरन अय्यर 1981 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। उन्होंने 10 साल पहले ही स्वैच्छिक सेवानिवृत्ती ले ली थी। 2017 में केन्द्र सरकार ने उन्हें पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय में सचिव बनाया था। अय्यर ने देश को खुले में शौच मुक्त करने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में सुधार लाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। स्वच्छता मिशन के तहत सख्त लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अय्यर ने गैर-परंपरागत कार्यप्रणाली (5 वर्षों में 110 मिलियन शौचालयों का निर्माण) काफी सराहनीय मानी गई।




# दिल्ली सरकार ने खिलाड़ियों को दिए चार करोड़




बीएनएम@नई दिल्ली

नई दिल्ली। भारत, चीन और अमेरिका से ज्यादा मेडल ला सके, इसके लिए दिल्ली सरकार ने प्रतिभावान खिलाड़ियों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आज 'मिशन एक्सीलेंस स्कीम' के तहत 60 खिलाड़ियों को करीब चार करोड़ रुपए का चेक सौंपते हुए कहा कि हमारा सपना है कि जितने मेडल चीन और अमेरिका लेकर आते हैं हमें उससे ज्यादा मेडल लेकर आना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि "हमारे देश मे जितने भी खिलाड़ी है, जिन्होंने बिना मदद के मेडल लाए उनके संघर्ष को सलाम करते है। बिना किसी मदद के इतनी विपरित परिस्थितियों वो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम चमका पाए। एक बार जब खिलाड़ी को मेडल मिल जाता है, तो सभी लोग उसके नाम और शोहरत के साथ जुड़ना चाहते हैं। उनको कोई सरकार एक करोड़ देती है, तो कोई दो करोड़ रुपए देती है। हम लोगों ने मिशन एक्सीलेंस योजना इसीलिए शुरु किया था, ताकि जो खिलाड़ी आगे बढ़ रहा है, उसको प्रशिक्षण आदि में आर्थिक मदद पहुंचाई जा सके।" मिशन एक्सीलेंस इसीलिए शुरु किया गया था कि ऐसे खिलाड़ी जो अभी वो पहले मेडल की तैयारी कर रहे हैं या राष्ट्रीय स्तर पर एक-दो मेडल ले चुके हैं और अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तैयारी कर रहे हैं, उन लोगों को हम मदद करें ताकि उनको पैसे की कमी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पहले साल में 117 ऐसे खिलाड़ियों को मदद दी थी और आज 60 ऐसे खिलाड़ियों को चेक बांटे गए हैं, जिन्होंने मिशन एक्सीलेंस के तहत आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया है। सब लोगों को अलग-अलग राशि दी गई है। अच्छी बात यह है कि इसके अंदर किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है। चार सदस्यीय चयन समिति है, जिसमें चारों सदस्य स्पोर्ट्स मैन हैं। यह समिति तय करती है कि इस स्कीम के तहत किसको और कितनी सहायता राशि देनी है। इस स्कीम के तहत अधिकतम 16 लाख रुपए की सहायता राशि दी जा सकती है। निगरानी समिति तय करती है कि खिलाड़ियों को उनके खेल के हिसाब से कितनी सहायता राशि की जरुरत है। आज करीब 60 खिलाड़ियों को सहायता राशि के चेक दिए गए।

Saturday
25 June 2022

# BNM Fantasy



## मलाइका अरोड़ा के साथ स्पॉट हुए अर्जुन

अपने रिलेशनशिप को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले बॉलीवुड के फेमस लव बर्ड्स अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा को एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान अर्जुन कपूर ब्लैक जींस और ब्लू टीशर्ट पहने हुए थे, इसके साथ उन्होंने ब्लैक डेनिम भी पहनी थी, जिसमें वह काफी हैंडसम लग रहे थे । वहीं मलाइका अरोड़ा शार्ट ड्रेस में काफी गॉर्जियस नजर आईं। रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों वेकेशन पर पेरिस गए हैं और अर्जुन कपूर वहीं अपनी लेडी लव के साथ अपना बर्थडे सेलिब्रेट करेंगे। सोशल मीडिया अर्जुन-मलाइका का वीडियो वायरल हो रहा है। गौरतलब है कि मलाइका और अर्जुन ने साल 2019 में अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था।

# श

*'शमशेरा' का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज*

वाणी कपूर , संजय दत्त और रणबीर कपूर की फिल्म शमशेरा का धमाकेदार ट्रेलर शुक्रवार को मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। यश राज फिल्म्स ने फिल्म के ट्रेलर को सोशल मीडिया पर साझा किया है। फिल्म का ट्रेलर काफी धमाकेदार है और इसकी शुरुआत होती है 1871 के एक सीन से जिसमें लोहे की जंजीरों से बंधे हुए कई बंदी नजर आते हैं। वहीं बैकग्राउंड में एक डायलॉग सुनाई देता है, जिसमें कहा जाता है -'ये कहानी हैं उसकी जो कहता था गुलामी किसी की अच्छी नहीं होती न गैरों की ना अपनों की!' ट्रेलर में शमशेरा के किरदार में रणबीर कपूर अमीरों को लूटते नजर आते हैं। अमीरों के बीच शमशेरा के नाम की दहशत फ़ैल जाती है। जिसके बाद धन्नासेठों की अंग्रेज अफसर के सामने विनती करते हैं कि वे शमशेरा से उन्हें बचा लें। जगह-जगह उसके पोस्टर लगने शुरू होते हैं तो लोग पूछते हैं कि ये कौन सा नया शमशेरा है। इसके बाद एंट्री होती है क्रूर दरोगा शुद्ध सिंह यानी संजय दत्त की, जो शमशेरा की नकेल कसने का बीड़ा उठाता है। ट्रेलर में संजय दत्त का क्रूर अवतार और रणबीर का डकैत का अवतार दर्शकों को भा रहा है। लेकिन ट्रेलर का हाईलाइट प्वाइंट इसके आखिर में आता है। जब इस बात से पर्दा उठता है कि फिल्म में रणबीर कपूर डबल रोल में है। यानी फिल्म में रणबीर पिता -बेटे के रोल में हैं और दोनों किरदार वहीं निभा रहे हैं। वहीं ट्रेलर में वाणी कपूर को शमशेरा की महबूबा के किरदार में दिखाया गया है।



## करिश्मा ने 'प्रेम कैदी' से रखा था अभिनय जगत मे कदम

*बर्थडे स्पेशल 25 जून*



नब्बे के दशक की खूबसूरत अभिनेत्री करिश्मा कपूर के अभिनय और खूबसूरती का जादू आज भी बरकरार है। उन्होंने अपने मासूमियत भरे अभिनय से दर्शकों के दिलों पर भी अमिट छाप छोड़ी। 25 जून, 1974 को जन्मी करिश्मा कपूर दिग्गज फिल्म अभिनेता रणधीर कपूर और बबीता की बेटी और करीना कपूर खान की बड़ी बहन हैं। करिश्मा कपूर और करीना कपूर बॉलीवुड की सबसे फेमस सिस्टर्स में से एक हैं। फ़िल्मी परिवार से ताल्लुक रखने वाली करिश्मा कपूर ने साल 1991 में आई फिल्म 'प्रेम कैदी' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसके बाद वह कई फिल्मों में नजर आईं और अपने शानदार अभिनय की बदौलत बॉलीवुड में सफलता की उचाइयों को छुआ। उनकी प्रमुख फिल्मों में जिगर, अनाड़ी, राजा बाबू, खुद्दार, अंदाज, अंदाज अपना अपना, कुली नंबर वन, हीरो नंबर वन, साजन चले ससुराल, जीत, राजा हिंदुस्तानी, जुड़वा, दुल्हन हम ले जाएंगे, दिल तो पागल है, बीवी नंबर वन, हसीना मान जाएगी, हम साथ-साथ हैं, फिजा, जुबैदा, डेंजरस इश्क आदि शामिल हैं। इसके अलावा वह छोटे पर्दे के कई रियलिटी शो में जज की भूमिका में नजर आई हैं, जिसमें नच बलिये, आजा माही वे, हंस बलिये आदि शामिल हैं। इसके अलावा करिश्मा कपूर ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज 'मेंटलहुड' में भी नजर आई । करिश्मा कपूर की निजी जिंदगी की बात करें तो उन्होंने साल 2003 में उद्योगपति संजय कपूर से शादी की थी, लेकिन यह शादी लम्बे समय तक नहीं चल सकी। आपसी विवाद के कारण करिश्मा और संजय ने तलाक ले लिया। दोनों के दो बच्चे बेटी समायरा और बेटा कियान हैं। करिश्मा कपूर का निजी जीवन बहुत उतार चढ़ाव भरा रहा, लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपनी शानदार अभिनय की बदौलत सफलता की बुलंदियों को छुआ और दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई।